दिन–गुरूवार दिनांक– 11 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय में आज नीट–यूजी परीक्षा मामले की सुनवाई टली। मामले की अगली सुनवाई अठारह जुलाई को होगी।

02. सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में आज रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दस दिनों के पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपा।

03. नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते राज्य में गंडक, कोसी, बागमती महानंदा और परमान नदी समेत कई अन्य नदियां उफान पर।

04. और, पिछले चौबीस घंटों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वज्रपात से ग्यारह लोगों की मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतक के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस मामले की सुनवाई इस महीने की अठारह तारीख तक के लिए स्थगित कर दी है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं को केंद्र और एनटीए द्वारा दायर हलफनामों पर अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने में सक्षम बनाने के लिए स्थगन दिया। शीर्ष अदालत में आज विवादास्पद नीट–यूजी दो हजार चौबीस मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी। इनमें पांच मई की परीक्षा के दौरान अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाएं शामिल हैं। कल प्रस्तुत एक हलफनामे में, केंद्र ने कहा कि, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी मद्रास से नीट–यूजी के परिणामों के व्यापक डेटा के विश्लेषण का अनुरोध किया था।

————————————————————————

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने आज रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार कर लिया है। रॉकी ने ही नीट का पेपर लीक होने के बाद उसे हल कराकर एक आरोपी पिंटू के मोबाईल पर भेजा था। सीबीआई ने उसे आज गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने रॉकी से पूछताछ करने के लिए दस दिन की रिमांड पर सीबीआई को सौंप दिया है।

———बाईट———

रॉकी की गिरफ्तारी कहां से और कब हुई इसकी जानकारी सीबीआई ने अब तक नहीं दी है। पेपल लीक का मामला सामने आने के बाद से ही रॉकी फरार चल रहा था। रॉकी नालंदा जिले के हिलसा के गजेन्द्र बिगहा गांव का रहने वाला है। उसका असली नाम राकेश है। पिछले कई सालों से वह झारखंड की राजधानी रांची में रह कर रेस्टोरेंट चलाता है। माना जाता है कि रॉकी इस मामले में फरार सुजीव मुखिया का बेहद खास है। संजीव मुखिया नालंदा जिला के नगरनौसा का रहने वाला है और मामले सामने आने के बाद से ही फरार है। नीट पेपर लीक मामले में अब तक ग्यारह आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। समाचार कक्ष से रजनीकांत चौधरी।

———————————————————————————

राज्य में विभिन्न नदियों के उफान पर रहने के कारण सुपौल, सहरसा, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और मधुबनी समेत कई जिलों के निचले इलाकों में बाढ का पानी फैल गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सहरसा जिले के पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर दियारा क्षेत्र के निचले इलाके के सड़कों पर जलभराव से आवागमन प्रभावित हुआ है।

———बाईट———

दियारा क्षेत्र के निचले इलाके के सड़कों पर जलजमाव से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को आवागमन के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। मध्य विद्यालय कबीरपुर परिसर में भी बाढ़ और बारिश का पानी फैल गया है। बाढ़ के कारण अलानी, साम्हरखुर्द और चानन पंचायत के निचले हिस्से के खेत खलिहान में पानी फैल गया है, जिससे पशु चारा की भी समस्या उत्पन हो गई है। महिषी प्रखंड के बलिया सिमर, कुंदह जाने वाली सड़क का पुलिया बाढ़ के पानी में ढह गया। आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

सुपौल जिले में कोसी नदी के जलस्तर में पहले के मुकाबले कमी आई है। आज दोपहर दो बजे तक भीमनगर कोसी बराज से एक लाख तिरासी हजार नौ सौ पंचानवे क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा गया है।

———बाईट———

जिले के पांच प्रखंड सुपौल सदर, किशनपुर, मरौना, सरायगढ़—भपटियाही और निर्मली के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी अभी भी जमा है। जिला प्रशासन की तरफ से बाढ़ प्रभावित प्रखड़ों में 163 नाव का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है। बाढ़ पीड़ितों के बीच अब तक कुल चार सौ से अधिक पॉलिथीन शीट्स का वितरण किया जा चुका है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

मधुबनी जिले के मधेपुर प्रखंड क्षेत्र के कोसी दियारा इलाके में बाढ़ का पानी फैल गया है। एक रिपोर्ट—

———बाईट————

मधेपुर प्रखंड क्षेत्र के कोसी दियारा क्षेत्र के द्वालख, महपतिया, बसीपट्टी औरं भरगमा पंचायत में आज सुबह से भूतही बलान नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से लगभग पचास हजार की आबादी का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क भंग हो गया है। भूतही नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण जानकीनगर घाट और भगता घाट के पास सड़क पर पानी फैलने के कारण अवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। वहीं, सैकड़ों की संख्या में शिक्षक कोसी दियारा इलाके में पठन पाठन कराने के लिए जाते है, उन्हें भी अब काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में महानंदा, गंगा, कोसी और बरंडी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

महानंदा नदी का जलस्तर पांच जगहों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबकि गंगा और कोसी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इधर बरंडी नदी का जलस्तर राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के समीप बढ़ रहा है। वही महानंदा नदी में बढ़ते घटते जलस्तर के बीच कदवा प्रखंड अंतर्गत सभी छोटी बड़ी नदियों से गुजरकर करीब दो दर्जन गांव में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। प्रखंड के भौनगर, कुजिबन्ना, सिकरोना, बिंदाबादी, मझेली, मुकुरिया बैसा गांव, मलिकपुर, कमरेली, नदीपुर निखरा, बगुला रहीका, रियापुर, राजघाट, बदबाबाड़ी, शिकारपुर समेत दर्जनों गांव में महानंदा नदी का पानी प्रवेश कर गया है। जिससे यहां के कई परिवार विस्थापित होने की स्थिति में आ गए हैं। वहीं, शिकारपुर पंचायत के भी दर्जनों परिवार विस्थापित हो चुके हैं। इधर, बारसोई प्रखंड के आधे दर्जन पंचायत में भी नदी का पानी प्रवेश कर गया है जिससे लोगों में काफी दहशत उत्पन्न हो गई है। बिघोर पंचायत के प्राणपुर और देंगरापाड़ा मुख्य सड़क में घुटने पर पानी तेज धार के साथ बह रही है। जिससे आधे दर्जन पंचायतों को प्राणपुर प्रखंड से सम्पर्क भंग हो गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते राज्य में गंडक, कोसी, बागमती महानंदा और परमान नदी समेत कई अन्य नदियां उफान पर हैं। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से सात सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से पचासी सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। वहीं, नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में लाल निशान से नीचे आ गया है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से नवासी सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। महानंदा नदी का जलस्तर पूर्णियां के ढेंगराघाट और कटिहार के झावा में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, परमान नदी भी अररिया में खतरे के निशान से छिसासठ सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून के एक बार फिर से सक्रिय होने के आसार हैं। मौसम विभाग केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों के कुछ जिले में भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी भागों के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के बहादुरगंज में सबसे अधिक एक सौ बारह दशमलव दो मीलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। सुपौल के त्रीवेणीगंज में एक सौ

दो, बेगूसराय के साहेबपुर कमाल में छिहत्तर दशमलव चार और अररिया के नरपतगंज में साठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है।

———————————————————————

पिछले चौबीस घंटों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वज्रपात से ग्यारह लोगों की मौत हो गयी। मधुबनी में छह, सीवान में दो, बेगूसराय, सुपौल और रोहतास में एक–एक लोग वज्रपात की चपेट में आ गये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतक के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरते। मुख्यमंत्री ने खराब मौसम के दौरान लोगों को घरों में रहने की सलाह दी है।

———————————————————————

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आयुर्विज्ञान कॉलेजों में परिवर्तित किए गए वर्तमान जिला और रेफरल अस्पतालों को केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता मिलनी जारी रहेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने इस मामले में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक पत्र लिखा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलहाल एक सौ संतावन आयुर्विज्ञान कॉलेजों में से एक सौ आठ कॉलेज पहले ही काम करना शुरू कर चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि जिला अस्पतालों को उन्नत करने और सशक्त बनाकर नए आयुर्विज्ञान कॉलेज खोलने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना से वित्तीय सहायता दिया जाता है। इसकी शुरूआत दो हजार चौदह में की गई थी।

———————————————————————

सहरसा जिले के बनगांव की लक्ष्मी झा ने विश्व की बीसवीं सबसे ऊंची चोटी मलेशिया के किनाबालु बोर्नियों पर चढ़ाई कर भारत का तिरंगा फहराया। इस पर्वत चोटी पर तिरंगा फहराने वाली लक्ष्मी पहली भारतीय महिला पर्वतारोही हैं।

———————————————————————

जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी मनीष कुमार वर्मा को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। पिछले मंगलवार को श्री वर्मा ने जदयू की सदस्यता ग्रहण किया था।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के हरसिद्धि बाजार स्थित एक निजी फाइनेंस बैंक में पांच की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने सात लाख अंठानवे हजार रूपये लूट लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियागंज मुख्य मार्ग पर पिछले दिनों सीएसपी संचालक से तीन लाख नब्बे हजार रूपये के लूट मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

———————————————————————

अररिया जिले के नगर थाना क्षेत्र के अररिया–बैरगाछी मार्ग पर एक ई–रिक्शा से लगभग एक सौ इकतीस लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र अन्तर्गत कहरिया मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर और चारपहिया वाहन की टक्कर में एक किशोर की घटनास्थल पर मौत हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच बयासी को जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र की पुलिस नेएक पिकअप वैन से चार सौ छियासी लीटर विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

जमुई जिले के खैरा थाना की पुलिस ने आधा दर्जन मवेशी लदे वाहन के साथ नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. सर्वोच्च न्यायालय में आज नीट–यूजी परीक्षा मामले की सुनवाई टली। मामले की अगली सुनवाई अठारह जुलाई को होगी।

02. सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में आज रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दस दिनों के पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपा।

03. नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते राज्य में गंडक, कोसी, बागमती महानंदा और परमान नदी समेत कई अन्य नदियां उफान पर।

04. और, पिछले चौबीस घंटों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वज्रपात से ग्यारह लोगों की मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतक के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।